# विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



13 मध्य प्रदेश बटालियन एवं 5 मध्य प्रदेश गर्ल्स बटालियन से संबंध समेरिटंस हायर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम में विश्व विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर आशुतोष शर्मा ने बताया कि लोगों को एनसीसी कैडेट से शिक्षा लेते हुए पर्यावरण सुधार के समस्त प्रयत्न करना चाहिए। उप प्राचार्य राजेंद्र रघुवंशी ने कहा कि पृथ्वी हमारी शक्ति और हमारा ग्रह है अपने अस्तित्व और पर्यावरण को बचाना जरूरी है इसलिए आओ हम मिलकर पृथ्वी दिवस मनाएं। एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव ने कविता सुनाई। अंत में सेकंड ऑफिसर एएनओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव एवं एनसीसी केयरटेकर ऑफिसर स्नेहा उपाध्याय ने संयुक्त रूप से एनसीसी कैडेट को पृथ्वी दिवस पर शपथ दिलवाई।

### कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जारी किए आदेश

# भीषण गर्मी के चलते कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



जिले में पड़ रही अत्यधिक गर्मी के कारण तापमान में वृद्धि होने से एवं लू की स्थिति को देखते हुये जिले के विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न हो इसको दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा समस्त शासकीय /अशासकीय /आई.सी.एस.ई. /सी.बी.एस.ई. /अनुदान प्राप्त /केन्द्रीय विद्यालय / नवोदय विद्यालय/अन्य समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक की समस्त कक्षाओं के लिए आगामी आदेश तक अवकाश घोषित किए जाने के आदेश जारी किए गए है।

उक्त आदेश अनुसार समस्त शासकीय संस्था प्रमुख / शिक्षक प्रात: 07:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय शासकीय कार्य संपादित करेंगे। शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षाएँ एवं अन्य शासकीय कार्य यथावत पूर्व निर्देशानुसार संचालित होंगें।

### अवैध खनिज उत्खनन पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही

# कलेक्टर के निर्देशानुसार मोहासा औद्योगिक क्षेत्र में अवैध खनन में लिप्त ट्रैक्टर ट्रॉली किए जब्त



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले भर में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन की इस संबंध में 'जीरो टॉलरेंस' की स्पष्ट नीति रही है। कलेक्टर मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों में कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी परिस्थिति में ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त न किया जाए।

इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा गत दिवस कार्रवाई करते हुए मोहासा औद्योगिक क्षेत्र में ग्राम झालसर सेठ, तहसील माखननगर से अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। जप्त वाहन को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

# महिला सशक्तिकरण सिर्फ नारा नहीं, विपक्ष ने दिखाया असली चेहरा- उइके



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण लोकसभा एवं विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व करने और उन्हें सशक्तिकरण बनाने के उद्देश्य से राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत बिल सदन में रखा है लेकिन विपक्ष की मंशा महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने की नहीं दिखी परिणामस्वरूप बिल संसद में पास नहीं हुआ यह बात गुरुवार को प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष का साथ होता तो यह देश में एक इतिहास का निर्माण होता लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी और उनके एंटी वूमेन एलायंस ने एक बार फिर दिखा दिया कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण केवल चुनावी नारा है, वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अधिकारों का विरोध करना रहा है जैसे उन्होंने और उनके घटक दलों ने शाहबानो प्रकरण, तीन तलाक और अनुच्छेद 370 से प्रभावित कश्मीरी महिलाओं के अधिकारों का विरोध किया इतना ही नहीं विपक्ष ने हमेशा महिला हितेषी कदम के विरोध का रास्ता भी चुना है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं के राजनैतिक अधिकारों पर हमेशा 98 वर्षो का एहसान देश पर थोपा है लेकिन संसद में उनकी आकांक्षाओं पर कुचलते हुए इठलाई, मुस्कुराई, मेज थपथपाई और जश्न का काम राहुल गांधी और उनके समर्थकों ने किया है जो अशोभनीय है। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष ने यह हर उस महिला का अपमान किया है जो अपने अधिकारों का वर्षो से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह केवल कहने तक सीमित नहीं है बल्कि सरकार ने करके भी दिखाया है लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों के एंटी महिला विरोधी के विरोध में भाजपा प्रदेश के समस्त शहरी, ग्रामीण अंचलों के प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचकर सरकार की महिला हित की जानकारी देंगे और विश्वास अर्जित करेंगे।

### पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर दिया जोर

# शासकीय गृहविज्ञान महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' व्याख्यान आयोजित

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



स्थानीय शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने छात्राओं को बदलते मौसम में उचित आहार और मानसिक स्वास्थ्य के प्रबंधन के गुर सिखाए।

**अतिथियों का स्वागत और शुभारंभ:** कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव और विषय विशेषज्ञ कुमारी नैना खत्री द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

**प्राकृतिक पोषण ही स्वस्थ जीवन का आधार: डॉ. कामिनी जैन:** प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य को मानव जीवन की धुरी बताया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा-

- हमें कृत्रिम सप्लीमेंट्स के बजाय प्राकृतिक फल, सब्जियों और पोषक तत्वों पर निर्भर रहना चाहिए।
- स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।
- आगामी परीक्षाओं और बढ़ती गर्मी को देखते हुए निर्जलीकरण (Dehydration) से बचने के लिए भरपूर पानी और जलयुक्त फलों का सेवन करें।

**मानसिक तनाव प्रबंधन और 'उमंग' हेल्पलाइन:** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने किशोरावस्था में होने वाले मानसिक तनाव और उसके समाधान पर प्रकाश डाला। उन्होंने जिला टास्क फोर्स के गठन के उद्देश्य को साझा किया और 'उमंग' के टोल फ्री नंबर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सकारात्मक सोच और व्यायाम से कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

**भविष्य की नींव है आज का स्वास्थ्य: नैना खत्री:** विषय विशेषज्ञ कुमारी नैना खत्री ने छात्राओं को सचेत करते हुए कहा कि वर्तमान की छात्राएं ही भविष्य की माताएं हैं। अक्सर महिलाएं घर के कामों में अपने भोजन की उपेक्षा करती हैं, जिससे आगे चलकर एनीमिया, विटामिन-ष्ठ और कैल्शियम की कमी जैसी समस्याएं होती हैं। उन्होंने किशोरावस्था में आयरन और फाइबर युक्त भोजन की महत्ता पर जोर दिया।

**परीक्षा के दौरान सावधानी:** डॉ. रीना मालवीय ने छात्राओं को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव और खान-पान की लापरवाही के प्रति आगाह किया। उन्होंने बताया कि नाश्ता छोड़ने और कम पानी पीने से छात्राएं परीक्षा के समय बीमार पड़ जाती हैं, जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ता है।

**उपस्थिति और आभार:** कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रीना मालवीय द्वारा एवं आभार प्रदर्शन अंकिता तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर गृहविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक मनीष बाघमारे, डॉ. कीर्ति दीक्षित, श्वेता वर्मा, सोनम केवट सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



## नर्मदा घाट पर गंगा सप्तमी की धूम, श्रद्धालुओं ने किया विधि-विधान से पूजन

**बुधनी।** गंगा सप्तमी (गंगा जयंती) का पर्व नगर और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा का स्मरण करते हुए पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। सुबह से ही नगर के ऐतिहासिक नर्मदा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। महिला-पुरुष कलश लेकर घाट पहुंचे और विधि-विधान से पूजन किया। गंगा स्नान, दान-पुण्य और दीपदान का विशेष महत्व होने से लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौराणिक कथाओं के अनुसार,ह्व राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुईं, जिससे उनके पूर्वजों को मोक्ष प्राप्त हुआ। इसी स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर नर्मदा घाट पर भंडारे, तुलादान, हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। पंडित राकेश पराशर द्वारा मंत्रोच्चार के साथ गंगा पूजन संपन्न कराया गया। सजाए गए मंडप में श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में श्रीमती कंचन शर्मा, गंगाराम राजपूत, भागीरथ शर्मा, सुजान विश्वकर्मा, राजेंद्र शर्मा, पी.डी. खत्री, मोहन वर्मा बड़ोदिया, राजेश वर्मा, आकाश यादव, डालचंद सराठे, सानिध्य शर्मा, मिलन विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गंगा सप्तमी पर किए गए दान-पुण्य और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा। पी.डी. खत्री, मोहन वर्मा बड़ोदिया, राजेश वर्मा, आकाश यादव, डालचंद सराठे, सानिध्य शर्मा, मिलन विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गंगा सप्तमी पर किए गए दान-पुण्य और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा।

### गंगा सप्तमी पर नपाध्यक्ष ने की नर्मदा पूजन

# श्रद्धालुओं से मां नर्मदा के जल को स्वच्छ रखने किया आव्हान



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

आज गंगा सप्तमी पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा मां नर्मदा के विवेकानंद घाट पहुंचकर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान उन्होंने घाटों का निरीक्षण किया और नपा की स्वच्छता टीम को घाटों पर त्यौहारों के पूर्व विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विवेकानंद घाट पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं से अपील की कि मां नर्मदा के जल को स्वच्छ रखने के लिए नहाते समय साबुन शैंपू का इस्तेमाल न करें। स्वच्छ जलधारा में किसी भी प्रकार का कचरा न डालें। घाटों पर फूलमालाओं और हवन सामग्री के लिए अगल से डस्टबीन रखी गई है उसमें ही डालें। पन्नी पालिथिन का उपयोग कतई न करें यह नगर के साथ ही घाटों पर पूर्णत: प्रतिबंधित है।

### डोवी गांव में खलिहान में भीषण आग, 7 मवेशी जिंदा जले

# 5 मवेशी झुलसे, लाखों का नुकसान; ग्रामीण की हालत गंभीर, प्रशासन जांच में जुटा

बुधनी ■ निसं



बुधनी तहसील के ग्राम डोवी में गुरुवार को खलिहान में लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। आग की चपेट में आने से 7 मवेशियों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि 5 अन्य मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए।

आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। मवेशियों को बचाने के प्रयास में एक ग्रामीण भी झुलस गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दमकल की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, अन्यथा नुकसान और बढ़ सकता था।

सूचना मिलते ही तहसीलदार ललित सोनी, नायब तहसीलदार रामलोचन तिवारी एवं रमेश साहू टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लगभग 5 लाख रुपये के नुकसान की बात सामने आई है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है और प्रभावित परिवार गहरे सदमे में है।

## शिवपुर के जाने माने चूल्हावत परिवार की रामसुता मीना का निधन

**माखननगर।** विकास खण्ड के ग्राम शिवपुर के जाने माने चूल्हावत परिवार की श्रीमति रामसुता पत्नि मोहनलाल मीना का बुधवार रात 70 वर्ष की आयु में निधनं हो गया । जिनकी अंतिम यात्रा शिवपुर से नर्मदा नदी के सांगाखेड़ा खुर्द घांट ले जाई गई । जहाँ उनके पुत्र पंकज मीना ने मुखाग्नि दी और मौजूद नाते रिस्तेदारों सहित शुभचिंतकों ने पंच लकड़ी देकर अंतिम विदाई दी ।



# आठवें पोषण पखवाड़े का समापन, पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

महिला एवं बाल विकास विभाग, नर्मदापुरम ग्रामीण परियोजना के अंतर्गत गुरुवार 23 अप्रैल 2026 को आठवें पोषण पखवाड़े का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन परियोजना कार्यालय में किया गया, जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पौष्टिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में विभिन्न पोषणयुक्त रेसिपीज प्रस्तुत की गईं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने सराहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि श्रीमती सीमा तिवारी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ललित डेहरिया, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र कौरव एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम ग्रामीण श्री प्रमोद गौर, परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम शहरी श्रीमती प्रीति यादव, समस्त पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहभागिता की।

संयुक्त संचालक श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदर्शनी में प्रदर्शित पौष्टिक व्यंजनों की रेसिपीज को गर्भवती महिलाओं एवं अन्य हितग्राहियों तक पहुंचाया जाना आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन पौष्टिक व्यंजनों को घर-घर में अपनाया जाए, ताकि यह दैनिक आहार का हिस्सा बन सके और समाज को कुपोषण एवं विभिन्न बीमारियों से मुक्ति मिल सके। उल्लेखनीय है कि पोषण पखवाड़ा 9 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हुआ था, जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में मातृ एवं शिशु पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास एवं जन-जागरूकता से संबंधित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम के साथ ही इस पखवाड़े का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### नपा में सीएमओ ने की जनसुनवाई

# पीएम आवास योजना के आवेदन आए, नाली निर्माण और पेयजल संबंधी आवेदनों का किया तत्काल निराकरण

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन



जनसुनवाई के माध्यम से जहां नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है वहीं नपा के अधिकारी कर्मचारी भी सक्रिय हो जाते हैं। आज नगरपालिका में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा जनसुनवाई की गई। जिसमें नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही सभी शाखाओं को सख्त निर्देश दिए गए कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर समयसीमा में कार्रवाई की जाए।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। गुरूवार को जनसुनवाई में पीएम आवास योजना के तहत सूची में नाम जुड़वाने के आवेदन आए। जिस पर सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा संबंधित शाखा को सर्वे कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा नाली निर्माण, स्वच्छता, पेयजल संबंधी आवेदन आए थे। सीएमओ श्रीमती पटले ने सुनवाई करते हुए अधिकांश समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल। मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय: 4240007. डाक पंजीयन -MP/HSD/04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।